## खबर संक्षेप

### किशोरी लापता, गुमशुदगी का केस करवाया दर्ज

**पानीपत।** हिसार के नारनौंद निवासी व्यक्ति ने थाना इसराना में अपनी 16 वर्षीय बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता कई वर्षों से इसराना में किराए के मकान में परिवार सहित रह रहा है और मंडी में चाय की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### मत्स्य पालन करें युवा: उपायुक्त दहिया

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए वेलफेयर ऑफ शैड्यूल कास्ट फैमिली अंडर फिशरीज सेक्टर स्पेशल कॉम्पोनेंट योजना के अंतर्गत अनुदान के रूप मे वित्तीय सहायता दी जा रही है। इसमें अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मछली पालन के लिए पंचायती तालाब पट्टट्टे पर लेने के लिये प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर पचास हजार रुपये प्रति हैक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत का अनुदान प्रदान किया जाता है।

### बागवानी को मिलेगा अनुदान

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा बागवानी के क्षेत्र को बढ़ाने के लिये विशेष अनुदान योजना लागू की गई है। जिसमें राइपनिंग चेम्बर (केला पकाने का गोदाम) पर एक लाख रूपये प्रति मीट्रिक टन लागत के आधार पर 35000 रूपये प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से अनुदान राशि दी जा रही है। जिला बागवानी अधिकारी शार्दुल शंकर ने बताया कि योजना के तहत अधिकतम 300 मीट्रिक टन पर 1 करोड़ 5 लाख रुपये तक प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रति लाभार्थी दिए जाते है।

### गर्ल्स हास्टल में देवयानी भवन का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गर्ल्स हास्टल में देवयानी भवन में निरीक्षण किया व हॉस्टल में छात्राओं के साथ बैठकर दोपहर का लंच भी किया। इस अवसर पर उनके साथ चीफ वार्डन प्रो. कुसुमलता तथा वार्डन डॉ. अनीता चौधरी भी मौजूद थे। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के साथ-साथ उनको हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आयुर्टेक सेमिनार आज

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में 15 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आयुर्टेक इनोवेशन इन आयुर्वेदिक टेक्नोलॉजी विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह आयोजन आधुनिक तकनीक और पारंपरिक आयुर्वेद के समन्वय को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बी. वी. रमना रेड्डी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### कुवि ने घोषित किए 17 परीक्षाओं के परिणाम

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 17 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बी.एड (4 वर्षीय एकीकृत) पहला सेमेस्टर, तीसरा सेमेस्टर, पांचवां सेमेस्टर व सातवां सेमेस्टर, बी.ए. (ऑनर्स) पहला सेमेस्टर (एनईपी) मेजर इन इकोनॉमिक्स, बी.ई.सी. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सातवां सेमेस्टर, एम.टेक. सिविल (स्ट्रक्चर इंजीनियरिंग) पहला सेमेस्टर आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। बी.टेक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) सातवां सेमेस्टर, बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) तीसरा सेमेस्टर ( रि-अपीयर), एम.ए. (संगीत) दूसरा सेमेस्टर सीबीसीएस/ एनईपी (रि-अपीयर), बी.वोक पहला सेमेस्टर का परिणाम घोषित।

---

### पाइट में नेशनल टेक्नोलॉजी दिवस धूमधाम से मनाया, विभिन्न

# भारत हर टेक्नोलॉजी में तेजी से आगे बढ़ रहा है: डॉ. रंजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

हरियाणा स्टेट काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलोजी (एचएससीएसटी) के विज्ञान एवं टेक्नॉलोजी विभाग के सहयोग से पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में दो दिवसीय नेशनल टेक्नॉलोजी दिवस मनाया गया। शिक्षा, नवाचार और तकनीक से जुड़े कई प्रमुख विषयों पर संवाद हुआ। इसमें एमडीयू, गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन सोनीपत, आइआइटीम कॉलेज ऑफ फार्मेसी मुरथल, आरके इंटरनेशनल स्कूल नरेला सहित कई कॉलेजों से 290 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं, शोभित यूनिवर्सिटी से वाइस चांसलर प्रो. डॉ. रंजीत सिंह ने टिकाऊ भविष्य के लिए तकनीक और नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नई शिक्षा नीति (एनईपी) और परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई) को शिक्षण में आवश्यक बताया। एचएससीएसटी, डीएसटी



**पानीत।** पाइट में शोभित यूनिवर्सिटी से वीसी प्रो. डॉ. रंजीत सिंह को सम्मानित करते हुए मेजबान। फोटो : हरिभूमि

पंचकूला से मुख्य वक्ता डॉ. राहुल तनेजा ने पेटेंट्स की भूमिका पर जोर देते हुए बताया कि ये नवाचार और तकनीकी शिक्षा को कैसे सशक्त बनाते हैं। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने नवाचार और तकनीकी विकास के वर्तमान और भविष्य की भूमिका पर विचार साझा किए। प्रोजेक्ट एग्जीबिशन में 72 टीमों ने भाग लिया। इसमें पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मोक्ष गोयल, संभव सेठी, जिया, अर्शी जुनेजा विजेता रहे। ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत से अर्शन जैन द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से पुनीत गोयल तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, वाद-विवाद प्रतियोगिता में गुरु नानक इंस्टीट्यूट की ऋतु प्रथम, एमडीयू रोहतक से कीर्ति द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से शुभि कुमार को तीसरा पुरस्कार मिला। आरके इंटरनेशनल से पल्किन चोपड़ा, पाइट की ज्योति, आरके इंटरनेशनल की ज्योति को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आइआइटीएम मुरथल की तनीषा प्रथम, पाइट की चाहत व भावना द्वितीय और श्रुति तीसरे स्थान पर रहीं। गौरी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। डॉ.प्रवीण गोयल, डॉ. शक्ति अरोड़ा डॉ. गौरव अग्रवाल इसके समन्वयक रहे।



डीपीएस पानीपत सिटी के मेधावी विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ।

## डीपीएस पानीपत सिटी के मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

डीपीएस पानीपत सिटी के विद्यार्थियों का सत्र 24-25 के सीबीएई बोर्ड के बारहवीं कक्षा के कला, विज्ञान एवं ह्यूमैनिटीज तीनों संकाय में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने इस शानदार बोर्ड के परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों अभिभावकों को तथा शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह परिणाम उनके कठिन परिश्रम, लगन एवं अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे भविष्य में भी मेहनत के साथ शिक्षित होकर देश, समाज, मानवता की सेवा करें।

## भारत की वैदिक संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति: आर्य



पानीपत। राजकीय स्कूल गांव दीवाना में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

- गांव दीवाना के राजकीय स्कूल में सात दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव दीवाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय योग एवं जीवन निर्माण शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा, रोहतक के अंतरंग सदस्य एवं प्रसिद्ध समाजसेवी एडवोकेट रणदीप आर्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीवाना के सरपंच सुरेंद्र सिंह ने की। जबकि प्राचार्य राजवीर सिंह, योगाचार्य प्रवीण आर्य वैदिक प्रवक्ता कपिल आर्य ने योग के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में योग करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं, हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के वेद प्रचारक भजन उपदेशक महाशय रामनिवास आर्य ने वैदिक धर्म का महत्व बताया। इधर, अपने संबोधन में रणदीप आर्य ने कहा कि भारत की वैदिक संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। इस संस्कृति में प्राणियों को प्रकृति से जोड़ने के सभी प्रयास किए जाते हैं प्रकृति की गोद में रहकर ही मानव अधिक स्वस्थ रह सकता है। इसलिए सभी को योगासन करने चाहिए। इस समारोह में शिक्षक कपिल दहिया, अनिल रूला, गोविंद, सनोज, राजेश उपस्थित रहे।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**इसराना।** राम नारायण मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, इसराना के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा सत्र में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरव से उंचा किया है। इस वर्ष कुल 45 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें से 27 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। मेधावी विद्यार्थियों को रणधीर जागलान, ईश्वर जागलान, प्रधानाचार्या बिमला जागलान आदि ने पुरस्कृत किया।

## आर्य स्कूल में मेधावी विद्यार्थी व खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सीबीएसई के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्या मनीष ने बताया कि आर्य स्कूल का दसवीं और बारहवीं में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा में 19 बच्चों ने मेरिट हासिल की और कार्तिक वर्मा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि कक्षा 12वीं में 20 बच्चों ने मेरिट हासिल की। ऋषभ ने 95 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टॉप किया। उन्होंने बताया कि बहादुरगढ़ में आयोजित राज्य स्तर वुशु



**पानीपत।** आर्य स्कूल के मेधावी विद्यार्थी व खिलाडी अतिथियों के साथ।

चैंपियनशिप में स्कूल के नव्या ने 36 किलोग्राम में गोल्ड, परिधि ने 52 किलो ग्राम में सिल्वर, नवदीप ने 24 किलोग्राम में सिल्वर, कृतिका 30 किलोग्राम रजत, आरुषि ने 22 किलोग्राम में रजत पदक जीते। वहीं मेधावी विद्यार्थियों व खिलाडियों को स्कूल की प्रबंधक समिति के प्रधान वीरेंद्र पाढा, प्रबंधक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान, मेहर सिंह, डॉ सुरेंद्र, सुमित्रा अहलावत, विजय सिंह, जितेंद्र छिक्कारा, पीटीआई संदीप आर्य, कोच नरेंद्र कुमार, नीरज कुमार ने पुरस्कृत किया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## सनातन संस्कृति का पालन करने से नहीं होंगे युद्ध: निर्मल

- श्री हनुमंत कथा पर यज्ञ कर अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** अखिल भारतीय श्री राम-नाम जागरण मंच के अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री प्रेस वार्ता करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

पानीपत में हुडा सेक्टर 13-17 के हुडा मैदान में 17 से 19 मई तक श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव का आयोजन अखिल भारतीय श्री राम-नाम जागरण मंच एवं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के तत्वाधान मे आयोजित किया जा रहा है जिसमे नगर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं अपना सहयोग कर रही है। बुधवार को कार्यक्रम स्थल पर हवन कर अन्नपूर्णा रसोई का उद्घाटन किया गया जिसके बाद कार्यक्रम स्थल पर पत्रकार वार्ता भी आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय श्री राम-नाम जागरण मंच के अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की 17 से 19 मई तक आयोजित इस। जिसमें कथा व्यास पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज होंगे। इस दौरान 108 कुण्डीय अखंड 72 घंटे श्री हनुमंत कृपा महायज्ञ भी होगा। जिसमें पानीपत के 6000 परिवार भाग लेंगे। शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम का निमंत्रण कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, सांसद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अन्य मंत्री विधायको को भी दिया गया है। वहीं 18 मई को बालाजी का भव्य दरबार सजाया जाएगा। कथा के दौरान लंगर रूपी रसोई श्रद्धालुओं के लिए चलती रहेगी। कथा स्थल में करीब तीन लाख श्रद्धालुओं के बैठकर कथा सुनने की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष व बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत अध्यक्ष सतीश गौतम, हरिओम शास्त्री, सर्व संगठन सेवा संस्थान से सुरेश काबरा, श्री राम दशहरा कमेटी सनौली रोड के प्रधान रमेश माटा, पं.निरंजन पराशर, पाइट कॉलेज के चेयरमैन हरिओम तायल, प्रो रामनिवास गुप्ता, पंडित वेद पाराशर, सुमित भारद्वाज सिवाह वाले समेत बडी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## किसी भी बच्चे की शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी धन की कमी : रणदीप

- निर्धन परिवार के मेधावी बच्चों को आर्य शिक्षण संस्थाएं देगी हर संभव सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 12वीं व 10वीं की परीक्षा में मेरिट में आए 88 विद्यार्थियों को स्कूल की प्रबंधन समिति के प्रधान रणदीप कादियान ने सम्मानित किया। वहीं कादियान ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा इंसान की तरक्की का सबसे सशक्त रास्ता है। उन्होंने साफ किया कि मेरिट प्राप्त करने में परिश्रमी विद्यार्थियों के मार्ग में धन की कमी कोई रूकावट





**पानीपत।** सम्मानित मेधावी विद्यार्थी। आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल की प्रबंधक समिति के प्रधान रणदीप कादियान संबोधन करते हुए।

नहीं बनती। जरूरतमंद मेधावी विद्यार्थियों को आर्य शिक्षण संस्थाएं और अधिक सहयोग देंगी। उन्होंने कहा कि आज के इस भौतिकतावादी युग में लगातार नैतिकता और संस्कारों का हनन हो रहा है। आज युवा वर्ग तेजी से पाश्चात्य संस्कृति प्रभावित हो रहा है । ऐसे समय में युवाओं को वैदिक संस्कार देना समय की सबसे बड़ी मांग है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ अशोक आर्य, आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य, कोषाध्यक्ष महताब मलिक, आचार्य राजकुमार, प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भागवंती देवी की आंखें दान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

मॉडल टाउन निवासी 80 वर्षीय भागवंती देवी पत्नी भोला राम के निधन के उपरांत परिजनों ने नेत्रों का दान करवाया। यह जानकारी जन सेवा दल के अध्यक्ष पूर्व पार्षद कुलभूषण अरोड़ा ने दी। वहीं भागवंती देवी के सुपुत्र अनिल व सुनील ने उनकी नेत्रों का दान करवाया। इस अवसर पर जन सेवा दल पानीपत के अध्यक्ष चमन लाल गुलाटी, कपिल मनचंदा, कृष्ण मनचंदा, माधव नेत्र बैंक करनाल के डॉक्टर चंद्र मोहन चावला, सीमा, किरण पूर्व पार्षद एडवोकेट संजीव अनेजा, रवि सचदेवा, गगन, संजीव खन्ना, पंकज अरोड़ा गोल्डी व विकास साहू उपस्थित रहे।



**पानीपत।** दिवंगत भागवंती देवी के परिजनों को प्रमाण पत्र भेंट करते हुए जन सेवा दल के पदाधिकारीगण। *फोटो : हरिभूमि*

### बाल श्रम के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** मानव तस्करी विरोधी इकाई ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया के साथ संयुक्त रूप से बाल श्रम और बाल तस्करी के खिलाफ सिवाह बस स्टैंड और जाटल रोड पर जागरूकता अभियान चलाया जिसमें दुकानदारों और फैक्ट्री मालिकों को छोटे बच्चों से काम न कराने की अपील की गई। इस अवसर पर स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एएसआई संदीप कुमार, एमडीडी ऑफ इंडिया से अजय चौहान एएसआई सुनील कुमार, शेखर आदि उपस्थित रहे।

### पानीपत में तिरंगा यात्रा आज

**पानीपत।** भारतीय सेना द्वारा हाल ही में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकियों और पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। सेना के इस अद्भुत पराक्रम और शौर्य को सम्मान देने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों और जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत पानीपत जिले में 15 मई को आयोजित तिरंगा यात्रा में करनाल लोकसभा के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सहित विधायक व अन्य गणमान्य व्यक्ति इस यात्रा में शामिल होंगे।

### विजेता खिलाड़ियों को प्रबंध समिति ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# लगोरी गेम में हिमगिरी स्कूल ने ट्रॉफी जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

महाराजा अग्रसेन स्कूल समालखा में आयोजित जिला स्तरीय लगोरी गेम प्रतियोगिता में हिमगिरी स्कूल के बच्चों ने ट्रॉफी जीत कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, ट्रॉफी जीतने के बाद इस टीम राज्य स्तर पर चयन हुआ। वहीं विजेताओं का स्कूल मैनेजमेंट विजयलक्ष्मी राठी व स्कूल प्रिंसिपल प्रमोद राठी उप प्रधानाचार्य रितु लठवाल एओ रामनिवास, सोनिया जांगड़ा, मीनाक्षी, शालू कालड़ा ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। टीम



**पानीपत।** महाराजा अग्रसेन स्कूल की विजेता टीम प्रसन्न मुद्रा में।

कोच सुखबीर सर व स्पोर्ट्स इंचार्ज हरेन्द्र सिंह ने खूब प्रशंसा की। स्कूल के प्राचार्य प्रमोद राठी ने विजेता खिलाडियों को बधाई देते हुए पुरस्कृत किया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाछ दिया।

### आईबी कॉलेज की पांच छात्राएं मेरिट में शामिल

पानीपत। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एमए (राजनीति विज्ञान) द्वितीय वर्ष की परीक्षा में आईबी पीजी कॉलेज, पानीपत की छात्रा पूजा ने विश्वविद्यालय में सातवां, शिवानी ने नौवां, मोनिका ने दसवां, निशा ने ग्यारहवां तथा गायत्री ने बारहवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं कॉलेज प्रबंधक समिति के महासचिव एलएन मिगलानी, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. किरण मदान, खुशबू, राहुल, पूजा ने मेधावी छात्राओं को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत किए

पानीपत। पानीपत के गांव जलालपुर स्थित पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की लक्ष्मी पुत्री विनोद में 92.40 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल की टॉपर बनी। वहीं, बेहतर परिणाम को लेकर जलालपुर गांव में प्रभात फेरी निकाल कर ग्रामीणों को अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार, विद्यालय प्रबंधन कमेटी प्रधान लखमी चंद रावल, भीम सिंह रावल, सतीश वर्मा, डा रमेश, स्वाति शर्मा, ज्ञानेंद्र कटारिया, वीरभान, मनोज कुमार आदि रहे।

### भूस्वामित्व के प्रमाण पत्र देगा प्रशासन

**पानीपत।** नगर निगम आयुक्त डॉ पंकज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार की हिदायतानुसार गांव शोंधापुर व अजीजुल्लापुर (तहसील व जिला पानीपत) में लाल डोरा में स्थित भूमि के भूस्वामित्व का प्रमाण पत्र जारी किए किए जाएंगे। इन प्रमाण पत्रों को जारी करने से पहले उनकी आपत्तियां ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि ग्राम शोंधापुर, अजीजुल्लापुर तहसील पानीपत के लाल डोरे के अंदर स्थित भूमि के संबंधित भूस्वामीयान हैं वे 15 दिन के अंदर नगर निगम के कार्यालय में अपनी आपत्तियां प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के आदेशानुसार दोनों गांवों का लाल डोरा व ड्रोन मैंपिंग भी करवाई गई थी और यही नहीं एयर इंडिया अथोर्टी विभाग द्वारा ड्रोन मैंपिंग भी करवा दी गई थी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**पारस पुत्र श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कालू राम निवासी मकान नम्बर 447, वार्ड नम्बर 11, पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि पारस पुत्र श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कालू राम निवासी मकान नम्बर 447, वार्ड नम्बर 11, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कालू राम दिनांक 29.04.2022 को स्वर्गवास हो चुकी है। मृतक स्वर्गीय सुरेश कुमार के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है

1. पिंकी पत्नी 2. गितान्शु पुत्र 3. पारस पुत्र है । श्री राजकुमार नम्बरदार व नवीन कुमार पटवारी हल्का द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इसी वारसान की तसदीक की गई है।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है । अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण का दिया आयेगा ।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज 12.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

